नई दिल्ली, 13 अगस्त, 2019

**सा.का.नि.265.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और सफदरजंग अस्पताल, (श्रेणी III पद) भर्ती नियम, 1973 को, जहां तक उनका संबंध, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में सफाई निरीक्षक के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में सफाई निरीक्षक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(**1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली, सफाई निरीक्षक, (समूह 'ग' पद), भर्ती नियम, 2019 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण, वेतन-मेट्रिक्स में स्तर.—**उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन-मेट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि.—**उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—**वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5.** **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत्, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6.** **व्यावृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय –समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित हैं।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मेट्रिक्स में स्तर | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| सफाई निरीक्षक | 07* (2019)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर -4 (25500-81100 रुपये) | लागू नहीं होता | 18 तथा 25 वर्ष के बीच (सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में चालीस वर्ष तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए पैंतालीस वर्ष तक शिथिल की जा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सकती है) आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड़, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अम्यर्थियों के लिए विहित की गई है)। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं |
|---|---|
| (7) | (8) |
| किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं उतीर्ण और सफाई निरीक्षक या स्वास्थ्य निरीक्षक या सफाई स्वास्थ्य निरीक्षक या स्वास्थ्य सफाई निरीक्षक का डिप्लोमा | लागू नहीं होता |

| परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति** : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा |
|---|---|---|
| (9) | (10) | (11) |
| दो वर्ष। | सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं होता |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि पर विचार करने के लिए) जिसमे शामिल होंगे :**<br>1. अपर चिकित्सा अधीक्षक, सफदरजंग अस्पताल –अध्यक्ष<br>2. विभागाध्यक्ष, सफदरजंग अस्पताल –सदस्य<br>3. उप निदेशक (प्रशासन), सफदरजंग अस्पताल –सदस्य<br>4. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालयमें सफदरजंग अस्पताल का कार्य संभालने वाले उप निदेशक –सदस्य | लागू नहीं होता |

[फा. सं. ए-11018/03/2018-एमएच-II]

जी.पी. सामंत, अवर सचिव

New Delhi, the 13th August, 2019

**G.S.R.265.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Safdarjang Hospital (Class III posts) Recruitment Rules, 1973 in so far they relate to the post of Sanitary Inspector, in the Safdarjang Hospital, New Delhi, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the said post of Sanitary Inspector in Ministry of Health and Family Welfare, Safdarjang Hospital, New Delhi, namely:-

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Safdarjung Hospital, New Delhi, Sanitary Inspector (Group 'C' post) Recruitment Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification, level in the pay matrix.—**The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. .—**The method of recruitment age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person**,—**

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living , or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving .—** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of the post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix | Whether selection post or non-selection post |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| Sanitary Inspector | 07*<br>(2019)<br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted, Non-Ministerial | Level-4 (25500-81100) in the pay matrix | Not applicable |

| Age-limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruitment | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees |
|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) |
| Between 18 and 25 years.<br>(Relaxable for Government servants up to 40 years in case of general candidates and 45 years in case of candidates belonging to the Schedule Castes and Schedule Tribes).<br>**Note: :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for | 12th pass from a recognized Board or University plus Diploma of Sanitary Inspector or Health Inspector or Sanitary Health inspector or Health Sanitary inspector. | Not applicable |

| | | |
|---|---|---|
| those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub Division of Chamba Districts of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep). | | |

| Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation / absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation / absorption grade from which promotion or deputation / absorption to be made |
|---|---|---|
| (9) | (10) | (11) |
| Two years | By direct recruitment | Not applicable |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Services Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Departmental Promotion Committee (for considering confirmation) consisting of :-**<br>1. Additional Medical Superintendent, Safdarjang Hospital -Chairman;<br>2. Head of the Department, Safdarjung Hospital -Member;<br>3. Deputy Director (Administration) , Safdarjang Hospital -Member;<br>4. Deputy Director looking after the work of Safdarjang Hospital in Directorate General of Health Services -Member. | Not applicable. |

[F. No.A-11018/03/2018-MH-II ]
G. P. SAMANTA, Under Secy.

---

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

नई दिल्ली, 21 अगस्त, 2019

**सा.का.नि.**266.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, (पुस्तकालय और सूचना सहायक) भर्ती नियम, 2014 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है, या करने का लोप किया गया है सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में पुस्तकालय और सूचना सहायक, समूह 'ख' अराजपत्रित पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (पुस्तकालय और सूचना सहायक) भर्ती नियम, 2019 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—**पद की संख्या, उसका वर्गीकरण, और **वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा**, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।